
पंजाब केसरी
WED,18 NOVEMBE
EDITION: HIMACHA

तीसरी और पांचवीं की वार्षिक परीक्षाएं 14 दिसम्बर से

धर्मशाला, 17 नवम्बर (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रदेश के शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षा के नियमित परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया है।



बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं 9 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक आयोजित की जाएंगी, जबकि तीसरी और पांचवीं कक्षाओं की परीक्षाएं 14 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2026 तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं प्रात:कालीन सत्र में सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक संचालित होंगी। परीक्षाओं की विस्तृत डेटशीट बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का सर्वाधिक लोकप्रिय मीडिया

शीतकालीन अवकाश वाले स्कूलों में परीक्षाओं का शेड्यूल जारी

नगर संवाददाता – धर्मशाला

- आठवीं की परीक्षाएं नौ दिसंबर से, तीसरी और पांचवीं की 14 से

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि तीसरी और पांचवीं कक्षाओं की परीक्षाएं 14 से 18 दिसंबर तक, जबकि आठवीं कक्षा की परीक्षाएं नौ से 19 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षाएं प्रात:कालीन सत्र में सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक होंगी। परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए बोर्ड की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों को निर्धारित समय पर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। डा. शर्मा ने बताया कि परीक्षाओं की विस्तृत डेटशीट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। विद्यालयों, अभिभावकों और विद्यार्थियों से वेबसाइट पर डेटशीट देखने और उसके अनुसार तैयारी करने का आग्रह किया गया है।



Dainik Jagran Dt: 18/11/2026

शीतकालीन स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं नौ से, शिक्षा बोर्ड ने जारी की डेटशीट

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश के शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। तीसरी और पांचवीं कक्षाओं की परीक्षाएं 14 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित होंगी, जबकि आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं नौ दिसंबर से 19 दिसंबर तक चलेंगी।



डा. राजेश शर्मा
● जागरण आर्काइव

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि तीनों कक्षाओं के नियमित परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षाएं प्रातःकालीन सत्र में होंगी। परीक्षा का समय सुबह 9:45 बजे से दोपहर एक बजे तक निर्धारित किया गया है। बोर्ड की ओर से परीक्षाओं के सुचारू और व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं।

उन्होंने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर लें, ताकि परीक्षाओं का आयोजन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार किया जा सके। परीक्षा केंद्रों में व्यवस्थाओं के साथ विद्यार्थियों की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं।

- तीसरी और पांचवीं की परीक्षाएं 14 से 18 दिसंबर व आठवीं की नौ से 19 दिसंबर तक होंगी
- सुबह 9:45 से दोपहर एक बजे तक होगा परीक्षा का आयोजन, आधा घंटा पहले केंद्र पहुंचना होगा



विद्यार्थियों को आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा

बोर्ड अध्यक्ष ने परीक्षार्थियों को निर्देश दिए हैं कि वे परीक्षा शुरू होने से कम से कम आधा घंटा पहले अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। इससे परीक्षा से जुड़ी आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूरी की जा सकेंगी और परीक्षा संचालन में किसी तरह की असुविधा नहीं होगी।

वेबसाइट पर उपलब्ध डेटशीट

बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षाओं की विस्तृत डेटशीट हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है। संबंधित विद्यालयों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे वेबसाइट पर जाकर परीक्षा कार्यक्रम देख लें और उसी के अनुसार तैयारी करें। डा. राजेश शर्मा ने अभिभावकों और अध्यापकों से विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बच्चों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना जरूरी है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें।

Himachal Dastak Dt. 18-11-2026

शीतकालीन स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं दिसंबर में

हिमावल । हिमावल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि तीसरी और पांचवीं कक्षाओं की परीक्षाएं 14 से 18 दिसंबर तक, जबकि आठवीं की परीक्षाएं 9 से 19 दिसंबर तक आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षाएं सुबह 9:45 से दोपहर एक बजे तक होंगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। विस्तृत विषयवार डेटशीट बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। डॉ. शर्मा ने विद्यालय प्रबंधन से परीक्षा की तैयारियां समय पर पूरी करने तथा अभिभावकों और शिक्षकों से विद्यार्थियों को तनावमुक्त माहौल में तैयारी करवाने का आग्रह किया है।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

शीतकालीन स्कूलों का परीक्षा शेडयूल जारी, 9 दिसंबर से शुरू होंगी परीक्षाएं

शिक्षा बोर्ड ने जारी की डेटशीट, तीसरी और पांचवीं की परीक्षाएं 14 दिसंबर से, आठवीं की 9 दिसंबर से होंगी शुरू; सुबह 9 .45 से दोपहर 1 बजे तक चलेगा सत्र

सवेरा न्यूज/ यशपाल सिंह

धर्मशाला, 17 नवंबर: हिमाचल प्रदेश के शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में तीसरी, पांचवीं और आठवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए परीक्षा तिथियां जारी कर दी हैं। आठवीं कक्षा की परीक्षाएं 9 दिसंबर से शुरू होंगी, जबकि तीसरी और पांचवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों को 14 दिसंबर से परीक्षा देनी होगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि तीसरी और पांचवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी। वहीं, आठवीं कक्षा की परीक्षाएं 9 से 19 दिसंबर तक चलेंगी। सभी परीक्षाएं प्रातःकालीन सत्र में सुबह 9:45 बजे से दोपहर 1 बजे तक होंगी। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए बोर्ड की ओर से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और मुख्याध्यापकों को निर्धारित समय-सारणी के अनुसार सभी तैयारियां समय रहते पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. शर्मा ने बताया कि तीनों कक्षाओं की विस्तृत डेटशीट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है।



विद्यालयों, अभिभावकों और विद्यार्थियों से वेबसाइट पर जाकर परीक्षा कार्यक्रम देखने की अपील की गई है। उन्होंने अभिभावकों और अध्यापकों से विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी में उचित मार्गदर्शन और सहयोग देने का आग्रह किया। साथ ही परीक्षार्थियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूरी हो सकें।

Apka faisla Dt: 18/11/2026

शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में तीसरी, पांचवीं एवं आठवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं दिसंबर में, शिक्षा बोर्ड ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम : डॉ. राजेश शर्मा



धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शीतकालीन अवकाश वाले विद्यालयों में तीसरी, पांचवीं एवं आठवीं कक्षाओं के नियमित परीक्षार्थियों की वार्षिक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि तीसरी एवं पांचवीं कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 14 दिसम्बर, 2026 से 18 दिसम्बर, 2026 तक तथा आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं दिनांक 09 दिसम्बर, 2026 से 19 दिसम्बर, 2026 तक आयोजित की जाएंगी। सभी परीक्षाएं प्रात:कालीन सत्र में प्रात: 09:45 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक संचालित होंगी। अध्यक्ष ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारू एवं व्यवस्थित संचालन के लिए बोर्ड द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं मुख्याध्यापकों से आग्रह किया कि वे निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी के अनुसार किया जा सके। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि उक्त परीक्षाओं की विस्तृत डेटशीट हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध करवा दी गई है। संबंधित विद्यालयों, अभिभावकों एवं परीक्षार्थियों से आग्रह है कि वे बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर डेटशीट का अवलोकन करें तथा उसके अनुसार परीक्षा की तैयारियां सुनिश्चित करें। डॉ. शर्मा ने अभिभावकों एवं अध्यापकों से भी आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें, ताकि वे बिना किसी तनाव के आत्मविश्वास के साथ परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकें। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा प्रारम्भ होने से आधा घंटा पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें, ताकि परीक्षा संबंधी आवश्यक औपचारिकताएं समय पर पूर्ण की जा सकें।

NOVEMBER 18, WEDNESDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

HPBOSE ANNOUNCES DECEMBER EXAM DATES FOR CLASSES 3, 5, AND 8 IN WINTER-CLOSING SCHOOLS

The Sunny Times | Dharamshala |

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially released the annual examination schedule for regular students of Classes 3, 5, and 8 studying in winter-closing schools for the 2026–27 academic session. Sharing the update, Board Chairman Dr. Rajesh Sharma announced that the Class 8 final exams will take place from December 9 to December 19, 2026, while the exams for Classes 3 and 5 will be held from December 14 to December 18, 2026. All examinations will be conducted in a single morning session from 9:45 AM to 1:00 PM.

To ensure the smooth and orderly conduct of these exams, the board is issuing necessary guidelines to school authorities. Dr. Sharma urged all principals and headmasters of the concerned institutions to complete their administrative preparations well in advance so that the schedule is strictly maintained. The complete, subject-wise datesheet has been uploaded to the board's official website, www.hpbose.org, where schools, parents, and students can easily check the timetable and plan their revision accordingly.

Alongside administrative instructions, the Chairman appealed to parents and teachers to provide proper guidance and emotional support to the children, helping them approach the exams with confidence rather than stress. Additionally, the board has instructed all candidates to report to their designated examination centers at least 30 minutes before the scheduled start time so that pre-exam formalities can be completed without any last-minute rush.

